लोक सभा अध्यक्ष अंतर संसदीय संघ की शासी परिषद के 206वें सत्र के लिए भारतीय संसदीय शिष्ट मण्डल का नेतृत्व करेंगे

नई दिल्ली, 30 अक्तूबर,2020 : अंतर संसदीय संघ की शासी परिषद के 206वें सत्र का आयोजन 1 से 4 नवम्बर 2020 तक होगा। यह एक असाधारण वर्चुअल सत्र है, जो कोविड-19 महामारी के कारण आईपीयू की व्यक्तिगत रूप से उपस्थित सांविधिक सभा के स्थान पर आयोजित किया जा रहा है।

वर्चुअल सत्र की कार्यसूची में अन्य बातों के साथ-साथ रिमोट इलेक्ट्रानिक गुप्त मतदान के माध्यम से आईपीयू के नए प्रेसिडेंट का चुनाव भी शामिल है, क्योंकि आईपीयू के निवर्तमान प्रेसिडेंट महामहिम सुश्री गैब्रिएला क्यूवास बैरोन(संसद सदस्य, मैक्सिको) का कार्यकाल 19 अक्तूबर,2020 को पूरा हो गया था। आईपीयू के नए प्रेसिडेंट का कार्यकाल 2020-23 होगा।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्ट मण्डलउपरोक्त वर्चुअल सत्र में भाग लेगा और अपना मत देगा। इस प्रतिनिधि मण्डल में श्रीमती पूनमबेन हेमतभाई माडम, संसद सदस्य, लोक सभा और श्री स्वप्न दासगुप्त, संसद सदस्य, राज्य सभा शामिल होंगे। महासचिव, लोक सभा श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और महासचिव राज्य सभा श्री देश दीपक वर्मा भी वर्चुअल सत्र में भाग लेंगे। डॉ अजय कुमार, संयुक्त सचिव, लोक सभा शिष्ट मण्डल के सचिव हैं।

आईपीयू प्रेसिडेंट के चुनाव के लिए प्रतिस्पर्धा में चार उम्मीदवार हैं, जिनके नाम हैं –पुर्तगाल से श्री दुआरते पचेको, पाकिस्तान से श्री मोहम्मद संजरानी, उज्बेकिस्तान से श्री अकमल सैदोव और कनाडा से सुश्री सलमा अताउल्लाहजान।

शासी परिषद के निर्धारित वर्चुअल सत्र से पहले,एपीजी के वर्तमान अध्यक्ष, फिलिपीन्स की सीनेट के प्रेसिडेंट द्वारा आईपीयू के एशिया प्रशांत भूराजनैतिक समूह (एपीजी), जिसमे 36 राष्ट्र हैं, की वर्चुअल

बैठक 30 अक्तूबर, 2020 को आयोजित की गई थी। इस बैठक में श्री स्वप्न दासगुप्त, संसद सदस्य और महासचिव, लोक सभा श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने भाग लिया।

शासी परिषद आईपीयू का मुख्य नीति निर्माण निकाय है, जिसे अन्य बातों के साथ-साथ आईपीयू के नए प्रेसिडेंट को चुनने का अधिकार प्राप्त है। आईपीयू की प्रत्येक सदस्य संसद के तीन संसद सदस्य शासी परिषद में प्रतिनिधित्व करते हैं और तदनुसार उनके तीन मत होते हैं, बशर्ते शिष्ट मण्डल में पुरुष और महिला दोनों हों।